सीएसआइआर-केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान

राजभाषा अनुभाग

सं. 20-1/15/22-राभा.

दिनांक 21.06.2023

कार्यालय ज्ञापन

विषय – संस्थान की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 114वीं तिमाही बैठक का आयोजन।

संस्थान की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की अप्रैल-जून की तिमाही बैठक के आयोजन के लिए सोमवार, 26 जून, 2023 को दोपहर 12:00 से 1:00 बजे का समय निर्धारित किया गया है। निदेशक महोदय ने इस बैठक को काउंसिल हॉल में आयोजित करने के लिए अनुमोदन प्रदान किया है। बैठक की कार्यसूची निम्नलिखित है -

1. राजभाषा कार्यान्वयन समिति की पिछली तिमाही बैठक की कार्रवाई की पुष्टि व बैठक में लिए गए निर्णयों पर की गई कार्रवाई पर विचार।
2. संस्थान की राजभाषा कार्यान्वयन संबंधी तिमाही प्रगति रिपोर्ट या तिमाही प्रगति रिपोर्ट पर प्राप्त समीक्षा के पत्रों पर विचार।
3. राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा संघ का राजकीय कार्य हिंदी में करने के लिए जारी वार्षिक कार्यक्रम 2023-24 के निदेशों के संदर्भ में संस्थान में राजभाषा हिंदी की प्रगति पर विचार।
4. मुख्यालय/नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, दक्षिणी दिल्ली-1 से प्राप्त पत्रों पर विचार।
5. संस्थान की राजभाषा संबंधी उपलब्धियों एवं भावी गतिविधियों पर विचार।
6. अध्यक्ष की अनुमति से अन्य कोई विषय।

राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सभी सदस्यों से अनुरोध है कि उपर्युक्त दिनांक व समय पर संस्थान के काउंसिल हॉल में आयोजित की जा रही बैठक में अवश्य शामिल हों।

21.06.2023

(संजय चौधरी)
हिंदी अधिकारी
व सदस्य सचिव, राकास

प्रतिलिपि -

1. निदेशक महोदय के निजी सचिव – सूचनार्थ
2. प्रशासन नियंत्रक के निजी सचिव – सूचनार्थ
3. प्रमुख, सीसीएन - बैठक की सूचना संस्थान की वेबसाइट व इंट्रानेट पर अपलोड करने के अनुरोध सहित
4. राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सभी सदस्य
5. कार्यालय प्रति